प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र–शासित प्रदेशों से 10 सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट भेजने को कहा।
- केंद्र ने ईपीएओ पंजीकृत कर्मचारियों को किसी भी बैंक से अपनी पेंशन प्राप्त करने की सुविधा वाली केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली को दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– अब 18 साल से लड़कियों को मिलेगा मंइयां सम्मान योजना का लाभ।
- झारखंड समेत पूरे देश में आज मनाया जा रहा है शिक्षक दिवस, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नयी दिल्ली में बोकारो की डा. आशा रानी समेत 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से करेंगी सम्मानित।
- पैरालिंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी, तीरंदाजी में हरविंदर सिंह और क्लब थ्रो में धर्मवीर ने हासिल किया स्वर्ण पदक।

****

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे 10 सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट उसे भेजें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखा है। उनसे कहा गया है कि वह प्रत्येक क्षेत्र और जिले में अधिक भीड़ वाले अस्पतालों की पहचान करें और वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्यरत चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्ति करें। उन्हें सुरक्षा उपायों का आकलन और उसमें सुधार करने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य और पुलिस अधिकारियों के परामर्श से सुरक्षा ऑडिट करने का निर्देश भी दिया गया है।

****

कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत पेंशन पाने वाले लोग अब पहली जनवरी 2025 से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक से अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। इससे 78 लाख से अधिक पेंशन भोगियों को लाभ होगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने इसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ की बड़ी उपलब्धि बताया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि अब 18 साल की लड़कियों को भी मंइयां सम्मान योजना का लाभ मिलेगा। रांची में मंइयां सम्मान योजना को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दो–तीन दिनों में सरकार इस पर आधिकारिक फैसला ले लेगी।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर फिर राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि संताल परगना समेत पूरे राज्य की डेमोग्राफी बदली है। श्री मरांडी ने सरकार से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

****

भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झामुमो की कड़ी आलोचना की है। सरायकेला–खरसांवा में अपने दौरे के क्रम में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है।

****

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर रोजगार के प्रति गंभीर नहीं रहने का आरोप लगाया है। गुमला में विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुखों के सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान युवाओं की मौत पर भी सरकार की आलोचना की। श्री महतो ने कहा कि सरकार को युवाओं की मौत की जवाबदेही लेनी होगी।

****

भाजपा ने झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन समेत तीन लोगों के खिलाफ रांची के अड़गोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। भाजपा कार्यकर्ता संतोष कुमार राम ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि झामुमो नेताओं ने सोशल मीडिया पर झूठा पोस्ट वायरल कर पार्टी की छवि धूमिल की है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

झारखंड समेत पूरे देश में आज शिक्षक दिवस, समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार– 2024 से सम्मानित करेंगी। इनमें बोकारो की चंदनक्यारी स्थित प्लस टू हाई स्कूल की शिक्षिका डा. आशा रानी भी शामिल हैं। आशा रानी झारखंड से एक मात्र ऐसी शिक्षिका हैं जिनका चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया है।

****

साहिबगंज जिले में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए जिला स्तर पर खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

****

पेरिस में आयोजित पैरालिंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी है। सातवें दिन भारत की झोली में दो स्वर्ण पदक आये।

****

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की उम्र सीमा कम करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– मंईयां का लाभ 18 से 20 वर्ष की लड़कियों को भी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– अब 18 साल की बेटियों को भी मंइयां सम्मान ।

प्रभात खबर के शब्द हैं–18 की उम्र से मिलेगा मंईयां सम्मान।

दैनिक जागरण लिखता है– 18 वर्ष से ही मिलेगा मंइयां सम्मान योजना का लाभ।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री द्वारा मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों के खाते में राशि हस्तांतरित करने की खबर को सुर्खी बनायी है।

****